**दिनांक 25.07.2025 को डॉ० प्रेम कुमार, माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार की अध्यक्षता में आहूत वेजफेड की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थिति:-1.श्री प्रभात कुमार, प्रबंध निदेशक, वेजफेड
2.श्री मणि शेखर, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ, पटना
3.श्री माधवेन्द्र ठाकुर, अध्यक्ष, मिथिला सब्जी संघ, दरभंगा
4. कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य भंडार निगम, पटना
5. श्री श्रीनिधि कुमार, PMU प्रतिनिधि

सभी उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत कर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी |

1. **समिति को वितरित आलू के बीज एवं टमाटर के पौधे के विरुद्ध अधिप्राप्ति की समीक्षा :-**

हरित सब्जी संघ, पटना के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 17 PVCS के मध्य आलू के बीज का वितरण किया गया था जिनसे प्रतिवेदन प्राप्त कर समेकित रूप से वेजफेड को समर्पित कर दिया गया है |

मिथिला सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि PVCS से प्रतिवेदन एकत्र किया जा रहा है, कुछ PVCS से प्रतिवेदन प्राप्त करना शेष है | प्रतिवेदन प्राप्त होते ही समेकित प्रतिवेदन वेजफेड को समर्पित कर दिया जायेगा |

इस सम्बन्ध में माननीय मंत्री महोदय द्वारा बताया गया कि जिन किसानों को आलू तथा टमाटर के बीज तथा पौधे उपलब्ध कराये गए थे उनसे अधिप्राप्ति की अद्यतन स्थिति से सम्बंधित प्रतिवेदन वेजफेड को उपलब्ध कराने हेतु समीक्षात्मक बैठक में लगातार निदेशित किया जाता रहा है परन्तु अभी तक संघों से पूर्ण प्रतिवेदन अप्राप्त है | निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र उक्त प्रतिवेदन वेजफेड को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें |

2. **HR एजेंसी के माध्यम से मानव बल उपलब्ध कराने की समीक्षा:-** सभी PVCS में कर्मियों की नियुक्ति के लिए माननीय मंत्री महोदय द्वारा निदेश दिया गया कि सभी गठित संघ तथा गठन की प्रक्रियांतर्गत संघ के लिए एक पैनल पूर्व से तैयार कर रखा जाय तथा आवश्यतानुसार उस पैनल से नियुक्ति की जाय |

3. **उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर विचार:-** सभी संघों तथा PVCS को उनके द्वारा निमित योजनाओं के अंतर्गत व्यय की गयी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा कराने का निदेश दिया गया |

Sayi

37

4. **<u>वेजफेड अंतर्गत मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को वेजफेड के कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागीय कार्यों से मुक्त करने के सम्बन्ध में:-</u>**

माननीय मंत्री महोदय द्वारा निदेश दिया गया कि संघ में कार्यरत मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों एवं जिलों में कार्यरत उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों को वेजफेड/संघ/PVCS के कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागीय कार्यों अथवा लॉ एंड आर्डर से सम्बंधित कार्यों में संलग्न/सम्बद्ध नहीं किया जाय। इसका निदेश सचिव महोदय के स्तर से सभी जिला सहकारिता पदाधिकारियों तथा संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ को देने का भी निदेश दिया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(प्रभात 20/08/25)
प्रबंध निदेशक,
वेजफेड, पटना।

ज्ञापांक 682 दिनांक 20/08/025

प्रतिलिपि:-1.निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
2.सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
3.कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य भंडार निगम, पटना।
4.अध्यक्ष/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ, पटना/तिरहुत सब्जी संघ, मोतिहारी/मिथिला सब्जी संघ, दरभंगा/मगध सब्जी संघ गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
6.प्रतिनिधि, PMU को सूचनार्थ प्रेषित।
5.सभी उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रबंध निदेशक 20/08/25
वेजफेड, पटना।

ज्ञापांक 682 दिनांक 20/08/025

प्रतिलिपि:-1.माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक 20/08/25
वेजफेड, पटना।